10/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह समग्र विकास के लिए है। उन्होंने नई दिल्ली में लोकप्रिय इंटरैक्टिव कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों के साथ बातचीत करते हुए ये टिप्पणियां कीं। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता को दूर करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि छात्रों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने छात्रों को लिखने की आदत विकसित करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने पोषण और सेहत के महत्व पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा खाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि नींद पोषण पर निर्भर करती है, इस बात पर जोर देते हुए कि चिकित्सा विज्ञान नींद के महत्व को पहचानता है। **PM Byte**

0000000000000000000

राजभवन, ईटानगर के दरबार हॉल में ‘परीक्षा पे चर्चा’ के 8वें संस्करण की लाइव स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी स्कूलों सहित ईटानगर राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रितायर्द के.टी. परनाइक ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि ‘परीक्षा पे चर्चा’ सिर्फ एक चर्चा नहीं है, बल्कि

यह सीखने और कड़ी मेहनत की अटूट भावना का उत्सव है। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं अंतिम मंजिल नहीं हैं और परीक्षाओं से डरने की बजाय उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार करें, जो आपको मजबूत करेंगी। राज्यपाल ने छात्रों को खुद पर भरोसा और आत्मविश्वास रखने की सलाह दी। राज्यपाल के सचिव शरद भास्कर दराडे ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा समन्वित, ईटानगर राजधानी क्षेत्र के छात्रों और शिक्षकों ने 'परीक्षा पे चर्चा' की लाइव स्क्रीनिंग में भाग लिया।

00000000000000000000

सियांग जिले के पांगिन के सर्किल ऑफ़िसर नियांग पर्तिन एवं पीडब्ल्यूडी (राजमार्ग) पासीघाट डिवीजन के एग्जेक्यूटिव इंजीनियर ओकेप दाई ने गत शुक्रवार को सियांग जिले के पांगिन के मिथुन मालिकों को **फ्लोरोसेंट कॉलर** वितरित किए। जिसका उद्देश्य मिथुनों के कारण राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने और मानव तथा मिथुन दोनों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कॉलर को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि, घने कोहरे के दौरान राजमार्गों पर पशुओं को आसानी से देखा जा सकता है।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अपने एक सोशल मिडिया पोस्ट के माध्यम से पांगिन के सर्कल ऑफिसर नियांग पर्तिन एवं पी.डब्ल्यू.डी विभाग के एक्सेक्यूटिव इंजीनियर ओकेप दाई को सड़क दुर्घटनाओं में मिथुन को बचाने के लिए मिथुन मालिको को **फ्लोरोसेंट कॉलर** वितरित

करने की पहल की सरहाना की। उन्होने कहा की **फ्लोरोसेंट कॉलर** का उपयोग एक सरल लेकिन प्रभावी तरिका होगा।

0000000000000000000000

नामसाई के पोई पी माउ ताई ग्राउंड में भारत लोक संगीत - अरुणाचल उत्सव 2025 के दूसरा संस्करण का कल शुभारंभ हुआ। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तत्वावधान में अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित यह उत्सव भारत की समृद्ध लोक परंपराओं के प्रति श्रद्धांजलि है, जो कला, विरासत और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का संगम है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुणाचल प्रदेश की विविध परंपराओं पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने पीढ़ियों से समुदायों को जोड़ने वाली परंपराओं के रूप में लोक संगीत और नृत्य के महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष, उत्सव में अरुणाचल प्रदेश के 15 सांस्कृतिक समूह शामिल हैं, जिनमें आदी, आका हुसो, अपातानी, इदु-मिश्मी, मेम्बा, मोनपा, न्यीशी, ताई खामती, ओलो और अन्य स्वदेशी समुदायों के प्रदर्शन शामिल हैं।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन द्वारा कल आयोजित गोल्डन पगोड़ा मैराथोन ट्रॉपिकल नामसाई 2025 के पहले संस्करण को हरी झंडी दिखाई। इस मैराथोन में इथियोपिया, युगांडा, केन्या एवं भारत से कुल मिलाकर 952 प्रतिभागियों ने चार क्षेणियों में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री वांगकि लोवांग एवं अन्य

गनमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

00000000000000000000

भारतीय सेना के स्पीयर कोर की पहल ऑपरेशन सद्भावना के तहत वोकेश्नल लर्निंग टुर को शनिवार को वेटरन्स सुविधा केंद्र, पासीघाट से रवाना किया गया। इस टुर में ईस्ट सियांग जिले के सिगार, मेबो, रालिंग, मोतुम और पासीघाट से कुल तीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। टुर के दौरान, स्पीयर कॉर्प्स एम्पावरिंग वेटरन्स एंड एस्पाइरेंट्स SEVA द्वारा प्रतिभागियों के उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुवाहाटी, बोलपुर और कोलकाता के बेंत, बांस और हस्तशिल्प उद्योगों का दौरा भी शामिल किया गया। 00000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग द्वारा आज और कल के लिए अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सुबनसिरी, शियोमी, लेपा रादा, लोअर सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, आंजाओ, लोहित और नामसाई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहा अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

00000000000000000000